ज्ञान-विज्ञान विमुक्तये
आचार्य मनिष र. जोशी
सचिव
Prof. Manish R. Joshi
Secretary

सत्यमेव जयते

आज़ादी का अमृत महोत्सव

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग
University Grants Commission
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार)
(Ministry of Education, Govt. of India)

F. No. 1-3/2021(QIP) **3 वैशाख 1947/23rd April 2025**

सार्वजनिक सूचना

Subject: - UGC (Minimum Standards of Instruction for the Grant of Undergraduate Degree and Postgraduate Degree) Regulations, 2025

The National Education Policy 2020 has led to numerous reforms in the undergraduate and postgraduate programmes. Among NEP 2020's recommendations are degree programs with different durations, multiple entry and multiple exit points, the blending of general education and vocational education, the recognition of prior learning etc.

Regulations covering all of the key elements of NEP 2020 that are relevant to undergraduate and graduate programs have been notified by UGC. A copy of UGC (Minimum Standards of Instruction for the Grant of Undergraduate Degree and Postgraduate Degree) Regulations, 2025 is enclosed herewith. HEIs are requested to adopt the regulations and align their degree programmes according to the regulations.

(मनिष जोशी)

बहादुरशाह जफ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002 | Bahadur Shah Zafar Marg, New Delhi-110002
दूरभाष (Ph.): 011-23236288/23239337 | सम्पर्क सूत्र (ई-मेल) (E-mail) : secy.ugc@nic.in

रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-04042025-262245
CG-DL-E-04042025-262245

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग III—खण्ड 4
PART III—Section 4

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 271] नई दिल्ली, बुधवार, अप्रैल 2, 2025/चैत्र 12, 1947
No. 271] NEW DELHI, WEDNESDAY, APRIL 2, 2025/CHAITRA 12, 1947

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग

अधिसूचना

नई दिल्ली, 26 मार्च, 2025

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (स्नातकपूर्व और स्नातकोत्तर उपाधि प्रदान करने के लिए अनुदेश के न्यूनतम मानदंड) मसौदा विनियम, 2025

फा. सं. 1-3/2021/क्यूआईपी/मल्टीपल एंट्री-एग्जिट).—विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम, 1956 (1956 का 3) की धारा 12 के खंड (ञ) के साथ पठित धारा 26 की उपधारा (1) के खंड (च) और (छ) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (औपचारिक शिक्षा के माध्यम से प्रथम डिग्री प्रदान करने के लिए अनुदेश के न्यूनतम मानक) विनियम, 2003 और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (औपचारिक शिक्षा के माध्यम से निष्णात डिग्री प्रदान करने के लिए अनुदेश के न्यूनतम मानक) विनियम, 2003 और इसके मार्च, 2008 और मई, 2014 के संशोधनों का अधिक्रमण करते हुए, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग एतद्वारा निम्नलिखित विनियम बनाता है, अर्थात्:-

1.0 संक्षिप्त नाम, विनियोग और प्रारंभ नाम.-

(क) इन विनियमों को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (स्नातकपूर्व और स्नातकोत्तर उपाधि प्रदान करने के लिए अनुदेश के न्यूनतम मानदंड) विनियम, 2025 कहा जाएगा।

(ख) यह विनियम, शासकीय राजपत्र में प्रकाशित होने की तिथि से प्रभावी होंगे।

2.0 अनुप्रयोग.- यह विनियम, किसी केन्द्रीय अधिनियम, प्रान्तीय अधिनियम अथवा किसी राज्य अधिनियम के अंतर्गत अथवा उनके द्वारा स्थापित अथवा निगमित सभी विश्वविद्यालयों और ऐसे विश्वविद्यालयों से मान्यता प्राप्त अथवा उनसे संबद्ध सभी संस्थानों और महाविद्यालयों तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम, 1956 की धारा 3 के अंतर्गत सभी सम विश्वविद्यालयों संस्थानों पर लागू होंगे।

3.0 परिभाषाएं. – इन विनियमों में,

I. “अधिनियम” से विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम, 1956 (1956 का 3) अभिप्रेत है;

II. "शैक्षणिक परिषद" अथवा "सीनेट" से अभिप्रेत उच्चतर शिक्षण संस्थान में सभी शैक्षणिक मामलों के संबंध में निर्णय लेने के लिए सशक्त निकाय से है;

III. "शिक्षा वर्ष" से अभिप्रेत प्रत्येक कैलेंडर वर्ष के जनवरी से फरवरी अथवा जुलाई से अगस्त माह, जैसा मामला हो, में शुरू होने वाली बारह माह की अवधि से है;

IV. "अवार्ड" से अभिप्रेत किसी छात्र द्वारा अर्हता संबंधी अपेक्षाओं को पूरा करने पर सक्षम निकायों द्वारा प्रदान की जाने वाली अर्हता जैसे प्रमाण पत्र/ डिप्लोमा/ डिग्री से है;

V. “अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट” (एबीसी) से अभिप्रेत एक डिजिटल, आभासी या ऑनलाइन इकाई के रूप में शैक्षणिक सेवा तंत्र, जिसे आयोग द्वारा केंद्र सरकार के अनुमोदन से स्थापित किया गया है, ताकि छात्रों को इसके अकादमिक खाताधारक बनने में सुविधा प्राप्त हो, जिससे विस्तीर्ण और लचीले शिक्षण- ज्ञानअर्जन को बढ़ावा देने के लिए क्रेडिट मान्यता, क्रेडिट संचय, क्रेडिट अंतरण और क्रेडिट मोचन की औपचारिक प्रणाली के माध्यम से डिग्री प्रदान करने वाले उच्चतर शिक्षा संस्थानों के बीच अथवा उनके भीतर निर्बाध छात्र गतिशीलता का मार्ग प्रशस्त हो;

VI. "मूल्यांकन बैंड" से अभिप्रेत एनसीआरएफ के अनुसार दो अनिवार्य चरणों के बीच स्तरों को जोड़ना। एनसीआरएफ स्तरों को मूल्यांकन चरण के बराबर माना जाता है जिसे छात्र/ शिक्षार्थी के लिए पास करना एक अनिवार्य चरण होगा;

VII. “अर्धवार्षिक प्रवेश” से अभिप्रेत वर्ष में दो बार अर्थात् जुलाई/अगस्त और जनवरी/फरवरी में विद्यार्थियों को प्रवेश देने की प्रक्रिया से है;;

VIII. “आयोग” से अभिप्रेत विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम की धारा 4 के अंतर्गत स्थापित विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से है;

IX. “पाठ्यक्रम” से अभिप्रेत एक विनिर्दिष्ट इकाई से एक है जिसमें अध्ययन का एक विनिर्दिष्ट कार्यक्रम शामिल है;

X. “क्रेडिट” से अभिप्रेत 'राष्ट्रीय क्रेडिट फ्रेमवर्क' (एनसीआरएफ) में यथा परिभाषित एक सेमेस्टर की अवधि में प्रति सप्ताह आवश्यक निदेश के घंटों की संख्या से है;

XI. "क्रेडिट अपेक्षाओं" से अभिप्रेत किसी पाठ्यक्रम/ कार्यक्रम के लिए निर्धारित मान से है। क्रेडिट अपेक्षाओं को पूरा करने वाले छात्र का अभिप्राय यह है कि उसने पाठ्यक्रम/ कार्यक्रम को सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया है;

XII. "क्रेडिट अंतरण" से अभिप्रेत उस तंत्र से है जिसके द्वारा एबीसी के साथ पंजीकृत उच्चतर शिक्षा संस्थान ऑफ़लाइन/ ऑनलाइन/ ओडीएल/ निजी/ आरपीएल पद्धति के माध्यम से छात्रों द्वारा पूर्ण किए गए पाठ्यक्रमों/ प्राप्त अनुभवों के मानदंडों का पालन करते हुए व्यक्तिगत शैक्षणिक बैंक खातों में निर्धारित क्रेडिट प्राप्त करने या प्रदान करने में सक्षम हैं;

XIII. "डिग्री" से अभिप्रेत अधिनियम की धारा 22(3) के उपबंधों के अनुसार उच्चतर शिक्षा संस्थान द्वारा प्रदान की गई डिग्री से है;

XIV. "उच्चतर शिक्षा संस्थान" (एचईआई) से अभिप्रेत इन विनियमों के खंड 2 के तहत विनिर्दिष्ट विश्वविद्यालय या संस्थान से है;

XV. "ज्ञानअर्जन निष्कर्ष" से अभिप्रेत किसी शिक्षार्थी द्वारा एक ज्ञानअर्जन की प्रक्रिया और अध्ययन के कार्यक्रम/ पाठ् यक्रम के पूरा होने पर वह क्या जानता है, समझता है और क्या करने में सक्षम है, के विवरण से है;

XVI. "स्तर" से अभिप्रेत अनुक्रमिक चरणों की एक श्रृंखला से है, जैसा कि 'राष्ट्रीय क्रेडिट फ्रेमवर्क' (एनसीआरएफ) में दिया गया है,

जिसे ज्ञानअर्जन के परिणामों की एक श्रृंखला के संदर्भ में व्यक्त किया जाता है, जिसके समक्ष विशिष्ट अर्हताएं रखी जाती हैं/ स्थित होती हैं;

XVII. "बृहद मुक्त ऑनलाइन पाठ् यक्रम (एमओओसी)" से अभिप्रेत ऐसे ऑनलाइन पाठ्यक्रमों से है जो "फोर क्वाड्रेंट एप्रोच" का पालन कर शिक्षण पद्धति के अनुसार विकसित किए जाते हैं;

XVIII. "बहुस्तरीय प्रवेश एवं निर्गमन" एक सक्षम तंत्र है, जिसके अंतर्गत शिक्षार्थी किसी भी स्तर पर कार्यक्रम से निर्गमित होकर पुनः प्रवेश ले सकता है, ताकि वह निर्धारित अवधि के भीतर अपनी शिक्षा जारी रखते हुए उच्चतर योग्यता अर्जित कर सके;

XIX. "राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अर्हता रूपरेखा" से अभिप्रेत एक वर्णनात्मक रूपरेखा से है जो ज्ञान/ दक्षता/ कौशल के स्तरों की श्रृंखला के अनुसार अर्हताओं को व्यवस्थित करती है;

XX. "ऑनलाइन पद्धति" से अभिप्रेत, इंटरनेट, ई-लर्निंग सामग्री और प्रौद्योगिकी-समर्थित तंत्रों और संसाधनों का उपयोग करके इंटरनेट के माध्यम से पूर्ण कार्यक्रम वितरण का उपयोग करके शिक्षक और शिक्षार्थी के बीच के अंतर को दूर करके लचीले ज्ञानअर्जन के अवसर प्रदान करने की एक पद्धति से है;

XXI. "मुक्त और दूरस्थ शिक्षा पद्धति" से अभिप्रेत, विभिन्न प्रकार के मीडिया जिसमें प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, ऑनलाइन और शिक्षार्थियों या शिक्षार्थी सहायता सेवाओं के साथ कभी-कभार होने वाली अंतर्क्रियात्मक आमने-सामने की बैठकें शामिल हैं, जिसका उपयोग करके शिक्षक और शिक्षार्थी के बीच के अंतर को दूर करके लचीले शिक्षण के अवसर प्रदान करने की पद्धति से है, ताकि प्रयोगात्मक अथवा कार्य अनुभव सहित शिक्षण- ज्ञानअर्जन अनुभव प्रदान किया जा सके;

XXII. "कार्यक्रम" अथवा "अध्ययन कार्यक्रम" से अभिप्रेत अधिनियम की धारा 22 की उपधारा (3) के अंतर्गत आयोग द्वारा विनिर्दिष्ट डिग्री के लिए अपनाया गया उच्चतर शिक्षा कार्यक्रम से है;

XXIII. "पूर्व शिक्षा की मान्यता" (आरपीएल) से अभिप्रेत एक मूल्यांकन प्रक्रिया से है जिसे किसी व्यक्ति के कौशल, ज्ञान और औपचारिक, अनौपचारिक या अनौपचारिक ज्ञानअर्जन अनुभवों के माध्यम से अर्जित अनुभव का मूल्यांकन करने के लिए डिज़ाइन किया गया है;

XXIV. "स्नातकपूर्व प्रमाणपत्र" से अभिप्रेत स्नातकपूर्व कार्यक्रम में अध्ययन के चुने हुए क्षेत्रों में 1 वर्ष (2 सेमेस्टर) का अध्ययन पूरा करने के बाद प्राप्त प्रमाणपत्र से है;

XXV. "स्नातकपूर्व डिप्लोमा" से अभिप्रेत, किसी स्नातकपूर्व कार्यक्रम में अध्ययन के चुने हुए क्षेत्रों में 2 वर्ष (4 सेमेस्टर) के अध्ययन के बाद प्रदान किए जाने वाले डिप्लोमा से है;

XXVI. "विश्वविद्यालय" से अभिप्रेत, किसी केन्द्रीय अधिनियम, प्रान्तीय अधिनियम या राज्य अधिनियम द्वारा या उसके अंतर्गत स्थापित या निगमित उच्चतर शिक्षा संस्थान से है और इसमें अधिनियम की धारा 3 के तहत उच्चतर शिक्षा का कोई भी सम विश्वविद्यालय संस्थान शामिल होगा।

4.0 उच्चतर शिक्षा संस्थान हेतु सामान्य अपेक्षाएं-

I. द्विवार्षिक प्रवेश के लिए तैयार उच्चतर शिक्षा संस्थान, वर्ष में दो बार, अर्थात् जुलाई/अगस्त और जनवरी/फरवरी में, विद्यार्थियों को प्रवेश दे सकते हैं।

II. छात्र प्रवेश क्षमता का निर्धारण, विश्वविद्यालय/ संस्थान द्वारा अपने वैधानिक निकायों के माध्यम से अग्रिम आधार पर, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के दिशानिर्देशों/ मानदंडों के अनुरूप और संबंधित अन्य सांविधिक निकायों के आधार पर उपलब्ध शैक्षिक और वास्तविक सुविधाओं, छात्र-शिक्षक अनुपात, शिक्षण, शिक्षणेत्तर अनुपात के आधार पर किया जाएगा।

III. प्रत्येक उच्चतर शिक्षा संस्थान कक्षाओं, प्रयोगशालाओं, पुस्तकालय, खेलकूद और स्वास्थ्य सुविधाओं, छात्रावास आवास, जलपानगृह/ कैफेटेरिया और अन्य सुविधाओं से संबंधित मानदंड निर्धारित करेगा। संबद्धता की शर्त के रूप में ऐसी सुविधाओं के लिए मानदंड निर्धारित करते समय, उच्चतर शिक्षा संस्थान, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग और संबंधित अन्य वैधानिक निकायों द्वारा जारी दिशानिर्देशों/ मानदंडों को ध्यान में रखेगा।

IV. उच्चतर शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास तथा प्रशिक्षुता का एकीकरण, स्नातकपूर्व और स्नातकोत्तर

पाठ्यक्रम संरचना के भाग के रूप में किया जाएगा, जोकि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा अधिसूचित स्नातकपूर्व, स्नातकोत्तर और शिक्षुता एम्बेडेड डिग्री कार्यक्रमों के लिए पाठ्यक्रम और क्रेडिट ढ़ांचे के अनुरूप होगा।

V. उच्चतर शिक्षा संस्थान, शैक्षणिक कार्यक्रमों में बहु-प्रवेश और निकास विकल्प उपलब्ध कराएंगे।

VI. छात्र की व्यावसायिक शिक्षा से सामान्य शिक्षा अथवा प्रतिलोमत: गतिशीलता, संबंधित विनियामक

निकायों द्वारा जारी संगत दिशानिर्देशों में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार होगी।

5.0 प्रवेश के लिए पात्रता मानदंड (स्नातकपूर्व/ स्नातकोत्तर) –

I. कोई छात्र जिसने स्तर 4 / कक्षा 12 की विद्यालयी शिक्षा (या तो औपचारिक विद्यालयी शिक्षा के माध्यम से अथवा मुक्त विद्यालयी प्रणाली के माध्यम से) अथवा इसके समकक्ष उत्तीर्ण की है, वह स्नातकपूर्व कार्यक्रम अथवा एकीकृत स्नातकपूर्व/ स्नातकोत्तर उपाधि कार्यक्रम में प्रवेश पाने हेतु पात्र होगा।

II. स्तर 4/ कक्षा 12 की विद्यालयी शिक्षा में विद्यार्थी द्वारा लिए गए किसी भी विषय के अनपेक्षत:, यदि विद्यार्थी स्नातकपूर्व कार्यक्रम की विधा में राष्ट्रीय स्तर अथवा विश्वविद्यालय स्तर की प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण करता है तो वह स्नातकपूर्व कार्यक्रम के किसी भी विषय में प्रवेश पाने के लिए पात्र है। जहां आवश्यक हो, विश्वविद्यालय विभिन्न विषयों से प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के ज्ञान-अंतराल को दूर करने हेतु आवश्यक सेतु पाठ्यक्रम प्रदान कर सकता है।

III. यदि किसी छात्र ने 3 वर्षीय स्नातकपूर्व डिग्री (स्तर 5.5, कुल 120 क्रेडिट)/ ऑनर्स के साथ 4 वर्षीय स्नातकपूर्व डिग्री/ ऑनर्स के साथ शोध (स्तर 6, कुल 160 क्रेडिट) उत्तीर्ण कर ली हो तो वह स्नातकोत्तर डिग्री कार्यक्रम में प्रवेश पाने के लिए पात्र होगा।

IV. यदि छात्र स्नातकोत्तर कार्यक्रम की विधा में राष्ट्रीय स्तर अथवा विश्वविद्यालय स्तर की प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण करता है तो वह स्नातकपूर्व कार्यक्रम में लिए गए मुख्य अथवा गौण विषयों के अनपेक्षत: स्नातकोत्तर कार्यक्रमों के किसी भी विषय में प्रवेश पाने के लिए पात्र है।

V. कोई छात्र, विधा/ संस्थान/ शिक्षण की पद्धति में परिवर्तन के संदर्भ में लचीलेपन के साथ एक साथ दो स्नातकपूर्व कार्यक्रमों में अध्ययनरत हो सकता है, जैसा कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के स्नातकपूर्व कार्यक्रमों के लिए पाठ् यक्रम और क्रेडिट ढ़ांचे और एक साथ दो शैक्षणिक कार्यक्रमों का अध्ययन करने सबंधी दिशानिर्देशों में दिया गया है।

VI. कोई छात्र, विधा/ संस्थान/ शिक्षण की पद्धति में परिवर्तन के संदर्भ में लचीलेपन के साथ एक साथ दो स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में अध्ययनरत हो सकता है, जैसा कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के स्नातकोत्तर कार्यक्रमों के लिए पाठ्यक्रम और क्रेडिट ढ़ांचे और एक साथ दो शैक्षणिक कार्यक्रमों का अध्ययन करने सबंधी दिशानिर्देशों में दिया गया है।

6.0 नियमित पद्धति के अलावा स्नातकपूर्व/स्नातकोत्तर कार्यक्रम के भाग के रूप में क्रेडिट का संचय -

I. नियमित पद्धति के अलावा कई अन्य तरीके से किए गए ज्ञानअर्जन की एक सुपरिभाषित मूल्यांकन प्रक्रिया के माध्यम से 'क्रेडिट योग्य' बनाया जा सकता है। शिक्षार्थी द्वारा प्राप्त क्रेडिट को ट्रांसक्रिप्ट में शामिल किया जाएगा जो डिग्री के अंतिम अवार्ड के लिए गिना जाएगा। यूजीसी द्वारा समय-समय पर ओडीएल, ऑनलाइन एवं आरपीएल पर अधिसूचित दिशानिर्देश/नियम लागू होंगे।

II. ओडीएल/ऑनलाइन मोड के अंतर्गत स्नातक प्रमाणपत्र, स्नातक डिप्लोमा एवं डिग्री कार्यक्रम केवल उन उच्च शिक्षा संस्थानों (HEIs) से प्राप्त किए जाएंगे, जो यूजीसी द्वारा ऐसे कार्यक्रम संचालित करने के लिए मान्यता प्राप्त हैं।

7.0 पाठ्यक्रम और 'क्रेडिट फ्रेमवर्क' -

पेशकश किए जाने वाले पाठ्यक्रमों के लिए पाठ्यक्रम विषयवस्तु, 'करिकुलम ट्रांजेक्शन', शैक्षिक प्रौद्योगिकियों, उनका समय-चयन, सतत् मूल्यांकन विधियां और मूल्यांकन के नए तरीकों के संबंध में मानदंड, विश्वविद्यालयों/ स्वायत्त महाविद्यालयों द्वारा, एनएचईक्यूएफ विकसित समग्र, बहु-विषयक शिक्षा, स्नातकपूर्व कार्यक्रम के लिए पाठ् यक्रम और क्रेडिट फ्रेमवर्क तथा स्नातकोत्तर कार्यक्रम के लिए पाठ्यक्रम और क्रेडिट फ्रेमवर्क के अनुरूप होंगे।

8.0 उपस्थिति संबंधी अपेक्षाएं -

एनईपी, 2020 द्वारा सुझाई गई विविध ज्ञानअर्जन की पद्धतियों तथा समग्र और बहु-विषयक ज्ञानअर्जन अवसरों को ध्यान में रखते हुए, उच्चतर शिक्षा संस्थान, विभिन्न कार्यक्रमों में छात्रों की न्यूनतम उपस्थिति संबंधी अपेक्षाओं का निर्णय अपने वैधानिक निकायों की स्वीकृति से करेंगे।

9.0 परीक्षा और मूल्यांकन -

I. विश्वविद्यालय, समय-समय पर परीक्षा के संचालन के संबंध में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग और अन्य वैधानिक निकायों द्वारा जारी निदेशों/ दिशानिर्देशों को अंगीकार करेगा। यूजीसी द्वारा समय-समय पर ओडीएल, ऑनलाइन एवं आरपीएल पर अधिसूचित दिशानिर्देश/नियम लागू होंगे।

II. मूल्यांकन की इकाइयाँ, जैसे कि परीक्षण, संगोष्ठी, प्रस्तुतीकरण, कक्षा प्रदर्शन, क्षेत्रीय कार्य आदि, तथा प्रत्येक पाठ्यक्रम के संदर्भ में इन इकाइयों को प्रदान किया गया भारांक विश्वविद्यालय की सक्षम शैक्षणिक निकाय द्वारा निर्धारित किया जाएगा और इसे संबंधित शैक्षणिक वर्ष या सेमेस्टर के प्रारंभ में विद्यार्थियों को अवगत कराया जाएगा।

III. अंतिम परीक्षा का स्वरूप, चाहे वह लिखित (ऑनलाइन/ ऑफलाइन) हो अथवा मौखिक अथवा दोनों तरीकों से हो, प्रत्येक पाठ् यक्रम के संबंध में छात्रों को शिक्षा सत्र के प्रारंभ में भी बताया जाएगा।

IV. सेमेस्टर/ वर्षांत में होने वाली परीक्षाओं के अतिरिक्त प्रत्येक पाठ् यक्रम में सतत् रूप से मूल्यांकन होगा, और प्रत्येक पाठ् यक्रम के संबंध में क्रेडिट, उपयुक्त शैक्षणिक निकाय द्वारा निर्धारित किए जाएंगे और छात्रों को उनकी जानकारी दी जाएगी। जब तक कि छात्र को वांछित सक्षमताओं की प्राप्ति और किसी कार्यक्रम के परिणाम के लिए मूल्यांकन नहीं किया जाता है तब तक छात्र द्वारा कोई क्रेडिट अर्जित नहीं किया जा सकता है।

V. उच्चतर शिक्षा संस्थान, ग्रेड को प्रतिशत में बदलने तथा इसके प्रतिलोमत: एक तालिका तैयार करेंगे तथा उसे अपनाएंगे।

VI. जबकि, मूल्यांकन की वास्तविक प्रक्रिया गोपनीय होगी, मूल्यांकन प्रणाली पर्याप्त रूप से पारदर्शी होगी, तथा छात्र को विश्वविद्यालय द्वारा इस संबंध में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार उसकी उत्तर पुस्तिका तक पहुंच प्रदान की जाएगी।

VII. उच्चतर शिक्षा संस्थान, सतत् रचनात्मक मूल्यांकन को प्राथमिकता देंगे।

10.0 कौशल पाठ्यक्रमों और प्रशिक्षुता कार्यक्रमों का एकीकरण-

छात्र को किसी विधा में स्नातकपूर्व की डिग्री प्राप्त करने के लिए उक्त विधा में कुल क्रेडिट का कम से कम 50% अर्जित करना होगा। शेष 50% क्रेडिट के लिए, छात्र कौशल पाठ्यक्रम, प्रशिक्षुता और बहु-विधा से संबद्ध विषयों का चयन कर सकते हैं।

11.0 अवधि और प्रमाणन -

स्नातक डिग्री की अवधि तीन या चार वर्ष होगी, तथा स्नातकोत्तर डिग्री की अवधि सामान्यत: एक वर्ष या दो वर्ष होगी। हालांकि, परिशिष्ट-I के अनुसार, स्नातक डिग्री की अवधि कम या अधिक हो सकती है। स्नातक एवं स्नातकोत्तर दोनों कार्यक्रमों में राष्ट्रीय क्रेडिट रूपरेखा (NCrF) के अनुसार बहुस्तरीय प्रवेश एवं निर्गमन (Multiple Entry and Exit) की सुविधा होगी। किसी भी स्तर पर निर्गमन करने वाले विद्यार्थियों को, निर्धारित क्रेडिट संख्या के अतिरिक्त कार्य-आधारित व्यावसायिक/कौशल पाठ् यक्रमों से अर्जित अतिरिक्त क्रेडिट के आधार पर उपयुक्त प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा, जैसा कि निम्नानुसार दिया गया है:

11.1 स्नातकपूर्व प्रमाणपत्र (अध्ययन का क्षेत्र/ विधा) -

I. जिन छात्रों ने एनसीआरएफ के स्तर 4.5 को पूरा करके कुल 40 क्रेडिट अर्जित किए हैं और स्नातकपूर्व कार्यक्रम से निकास कर गए हैं, उन्हें स्नातकपूर्व प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा, बशर्ते कि उन्होंने स्तर 4.5 को पूरा करने के लिए अर्जित 40 क्रेडिट के अलावा न्यूनतम 4-क्रेडिट कौशल-संवर्द्धन पाठ् यक्रम(ओं) में भाग लिया हो।

II. छात्रों को अर्जित क्रेडिट की वैधता समाप्त होने से पूर्व, अधिकतम सात वर्ष की अवधि के भीतर, स्तर-5 पर द्वितीय वर्ष में पुन: प्रवेश लेने की अनुमति होगी। क्रेडिट के जमा करने एवं मोचन की प्रक्रिया यूजीसी (उच्च शिक्षा में अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट की स्थापना एवं संचालन) विनियम, 2021 तथा समय-समय पर किए गए संशोधनों के अनुसार होगी।

11.2 स्नातकपूर्व डिप्लोमा (अध्ययन का क्षेत्र/ विधा) -

I. जिन छात्रों ने एनसीआरएफ के स्तर 4.5 और 5 को पूरा करके कुल 80 क्रेडिट अर्जित किए हैं और स्नातकपूर्व कार्यक्रम से निकास कर गए हैं, उन्हें स्नातकपूर्व डिप्लोमा प्रदान किया जाएगा, बशर्ते कि उन्होंने स्तर 5 को पूरा करने के लिए अर्जित 80 क्रेडिट के अतिरिक्त न्यूनतम 4-क्रेडिट कौशल-संवर्द्धन पाठ् यक्रम पूर्ण किया हो।

II. छात्रों को अर्जित क्रेडिट की वैधता समाप्त होने से पूर्व, अधिकतम सात वर्ष की अवधि के भीतर, स्तर-5.5 पर तृतीय वर्ष में पुनः प्रवेश लेने की अनुमति होगी। क्रेडिट के जमा करने एवं मोचन की प्रक्रिया यूजीसी (उच्च शिक्षा में अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट की स्थापना एवं संचालन) विनियम, 2021 तथा समय-समय पर किए गए संशोधनों के अनुसार होगी।

11.3 स्नातकपूर्व डिग्री -

I. जो छात्रों एनसीआरएफ के स्तर 5.5 को पूर्ण करके कुल 120 क्रेडिट अर्जित कर चुके हैं और स्नातकपूर्व कार्यक्रम से निकास कर जाते हैं, उन्हें एक स्नातकपूर्व डिग्री प्रदान की जाएगी।

II. एनसीआरएफ (NCrF) के स्तर-5.5 पर आवश्यक क्रेडिट अर्जित करने वाले एवं तीन वर्ष के पश्चात स्नातक कार्यक्रम से निर्गमन करने वाले छात्र, अर्जित क्रेडिट की वैधता समाप्त होने से पूर्व, अधिकतम सात वर्ष की अवधि के भीतर, चतुर्थ वर्ष के स्नातक (ऑनर्स/ऑनर्स विद रिसर्च) कार्यक्रम में पुनः प्रवेश ले सकते हैं। क्रेडिट के जमा करने एवं मोचन की प्रक्रिया यूजीसी (उच्च शिक्षा में अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट की स्थापना एवं संचालन) विनियम, 2021 तथा समय-समय पर किए गए संशोधनों के अनुसार होगी।

11.4 स्नातकपूर्व डिग्री (ऑनर्स/ शोध सहित ऑनर्स) -

I. जिन छात्रों ने एनसीआरएफ के स्तर 6 पर आवश्यक क्रेडिट अर्जित किए हैं**,** उन्हें स्नातकपूर्व (ऑनर्स/ शोध सहित ऑनर्स) डिग्री प्रदान की जाएगी।

II. जिन छात्रों ने दो प्रमुख विषयों के लिए आवश्यक क्रेडिट अर्जित किए हैं**,** उन्हें **'**डबल मेजर**'**/एकीकृत स्नातकपूर्व डिग्री के साथ स्नातकपूर्व डिग्री प्रदान की जाएगी।

III. प्रदान की जाने वाली डिग्री को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम की धारा 22 (3) के तहत विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा विनिर्दिष्ट नामपद्धति के अनुसार संबंधित विषय (विषयों) में स्नातकपूर्व डिग्री कहा जाएगा।

11.5 स्नातकोत्तर कार्यक्रम -

I. उच्चतर शिक्षा संस्थानों के पास विभिन्न अवधि के स्नातकोत्तर कार्यक्रम प्रदान करने का लचीलापन होगा जैसे (क) प्रथम वर्ष के अंत में निकास के विकल्प के साथ एक 2 वर्षीय कार्यक्रम, (ख) 1 वर्षीय कार्यक्रम, और (ग) एकीकृत 5 वर्षीय स्नातक/ स्नातकोत्तर कार्यक्रम।

II. 3 वर्षीय स्नातकपूर्व कार्यक्रम पूरा करने वाले छात्र, दो वर्षीय स्नातकोत्तर कार्यक्रम के लिए पात्र होंगे।

III. ऑनर्स/ शोध के साथ ऑनर्स, वाले 4 वर्षीय स्नातकपूर्व कार्यक्रम पूरा करने वाले छात्र एक वर्षीय स्नातकोत्तर कार्यक्रम के लिए पात्र होंगे।

IV. संगत विषयों में 4-वर्षीय स्नातकपूर्व डिग्री (ऑनर्स/ शोध सहित ऑनर्स) पूरा करने वाले छात्र (स्तर 6, उदाहरण के लिए भौतिकी में विज्ञान स्नातक (प्रवीण), जीव विज्ञान में विज्ञान स्नातक (प्रवीण), गणित में विज्ञान स्नातक (प्रवीण), और 4-वर्षीय स्नातकपूर्व डिग्री (स्तर 6, उदाहरण के लिए इंजीनियरी स्नातक, प्रौद्योगिकी स्नातक आदि) पूर्ण करने वाले छात्र 2-वर्षीय/4 सेमेस्टर के स्नातकोत्तर कार्यक्रम (स्तर 7, उदाहरण के लिए इंजीनियरी-निष्णात, प्रौद्योगिकी निष्णात आदि) के लिए पात्र होंगे।

V. वे छात्र जिन्होंने दो वर्षीय स्नातकोत्तर (स्तर 6.5/7) कार्यक्रम के प्रथम वर्ष (स्तर-6) को पूर्ण करके कुल 40 क्रेडिट अर्जित किए हैं, यदि वे निर्गमन करते हैं, तो उन्हें स्नातकोत्तर डिप्लोमा प्रदान किया जाएगा।

VI. तीन वर्षीय स्नातकपूर्व डिग्री (स्तर 5.5) धारक छात्र, जिन्होंने एनसीआरएफ के स्तर 6.5 पर आवश्यक क्रेडिट अर्जित किए हैं, उन्हें विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम की धारा 22 (3) के तहत विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा विनिर्दिष्ट

नामपद्धति के अनुसार दो वर्षीय स्नातकोत्तर डिग्री जैसे कला निष्णात, वाणिज्य निष्णात, विज्ञान निष्णात आदि प्रदान की जाएगी।

VII. चार वर्षीय स्नातकपूर्व डिग्री (स्तर 6) धारक छात्र, जिसने एनसीआरएफ के स्तर 6.5 पर आवश्यक क्रेडिट अर्जित किए हैं, को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम की धारा 22 (3) के तहत विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा विनिर्दिष्ट नामपद्धति के अनुसार एक वर्षीय स्नातकोत्तर डिग्री जैसे कला निष्णात, वाणिज्य निष्णात, विज्ञान निष्णात आदि प्रदान की जाएगी।

VIII. चार वर्षीय स्नातकपूर्व डिग्री (स्तर 6) धारक छात्र, जिसने एनसीआरएफ के स्तर 7 पर आवश्यक क्रेडिट अर्जित किए हैं, उन्हें विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम की धारा 22 (3) के तहत विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा विनिर्दिष्ट नामपद्धति के अनुसार इंजीनियरी-निष्णात, प्रौद्योगिकी निष्णात आदि जैसी स्नातकोत्तर डिग्री प्रदान की जाएगी।

12.0 पूर्व में प्राप्त किए गए ज्ञान को मान्यता -

औपचारिक शिक्षा से इतर या कार्यस्थल अथवा समुदाय में अधिगम एवं प्रशिक्षण के माध्यम से प्राप्त ज्ञान पूर्व अधिगम निष्पत्तियों के प्रमाणीकरण पर आधारित होगा। किसी विशेष व्यवसाय में अनुभव एवं विशेषज्ञता रखने वाले ऐसे व्यक्तियों का मूल्यांकन मान्यता प्राप्त उच्च शिक्षण संस्थानों द्वारा यूजीसी के "उच्च शिक्षा में पूर्व शिक्षण की मान्यता (RPL) के कार्यान्वयन हेतु दिशानिर्देश" तथा समय-समय पर किए गए संशोधनों के अनुसार किया जाएगा।

13.0 विनियमों का पालन न करने के परिणाम -

यदि कोई उच्चतर शिक्षा संस्थान (एचईआई) इन नियमों के उपबंधों का उल्लंघन करता है, तो आयोग उल्लंघनों की जांच करने के लिए एक जांच समिति का गठन करेगा। यदि आयोग द्वारा गठित जांच समिति द्वारा पाया जाता है कि उल्लंघन किए गए हैं तो एचईआई को:-

क) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग योजनाओं में भाग लेने से वंचित कर दिया जाएगा।

ख) स्नातक प्रमाणपत्र, स्नातक डिप्लोमा एवं डिग्री कार्यक्रम संचालित करने से वंचित कर दिया जाएगा।

ग) ओडीएल और ऑनलाइन पद्धति से कार्यक्रमों की पेशकश करने से वंचित कर दिया जाएगा।

घ) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम, 1956 की धारा 2(च) और 12ख के तहत अनुरक्षित उच्चतर शिक्षा संस्थानों की सूची से हटाया दिया जाएगा।

उच्चतर शिक्षा संस्थान पर उपर्युक्त में से एक या एक से अधिक कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, मामला दर माला आधार पर आयोग के निर्णय के अनुसार अतिरिक्त दंडात्मक कार्रवाई कर सकता है।

प्रो. मनिष र. जोशी, सचिव

[विज्ञापन-III/4/असा./04/2025-26]

परिशिष्ट-I

उच्च शिक्षा संस्थानों द्वारा त्वरित और विस्तारित डिग्री प्रदान करना

नेशनल क्रेडिट फ्रेमवर्क (एनसीआरएफ) भिन्न ज्ञानअर्जन क्षमताओं वाले शिक्षार्थियों को आवश्यक क्रेडिट अर्जित करके किसी कार्यक्रम की मानक अवधि की तुलना में पाठ् यक्रम को तेज़ अथवा धीमी गति से पूरा करने में सक्षम बनाता है। उच्चतर शिक्षा संस्थान (एचईआई) मानक अवधि वाले कार्यक्रम में प्रवेश के लिए छात्र के अनुरोध का मूल्यांकन करने के पश्चात् मानक अवधि वाले डिग्री कार्यक्रमों के अतिरिक्त त्वरित डिग्री कार्यक्रम (एडीपी) और विस्तारित डिग्री कार्यक्रम (ईडीपीे) उपलब्ध करवा सकते हैं।

ये निर्देश उच्च शिक्षण संस्थानों (HEIs) को विस्तारित एवं तीव्रित डिग्री कार्यक्रमों के कार्यान्वयन में शैक्षणिक विषयवस्तु, क्रेडिट, मूल्यांकन विधियों एवं डिग्री प्रदान करने की प्रक्रिया संबंधी मार्गदर्शन प्रदान करेंगे:

- उच्चतर शिक्षा संस्थान, संस्वीकृत दाखिले के 10% तक को एडीपी के लिए निर्धारित कर सकते हैं।
- उच्चतर शिक्षा संस्थान, ईडीपी और एडीपी के तहत प्रथम अथवा द्वितीय सेमेस्टर के अंत में प्राप्त आवेदनों की जांच करने और तदनुसार छात्रों का चयन करने के लिए एक समिति का गठन कर सकते हैं।

- उच्चतर शिक्षा संस्थान द्वारा गठित समिति प्रथम अथवा द्वितीय सेमेस्टर में छात्रों के प्रदर्शन के आधार पर उसके क्रेडिट पूरा करने की क्षमता का मूल्यांकन करेगी तथा अपनी सिफारिशें देगी।
- समिति छात्रों द्वारा चुनी गई अवधि के अनुसार प्रति सेमेस्टर पाठ्यक्रमों की संख्या तथा कुल क्रेडिट में कमी या वृद्धि की सिफारिश करेगी।
- एडीपी तथा ईडीपी के तहत, प्रतिलेखों में केवल उन पाठ्यक्रमों को दर्ज किया जाना चाहिए जो छात्र एक सेमेस्टर में लेते हैं।

त्वरित डिग्री कार्यक्रम (एडीपी) -

- त्वरित डिग्री कार्यक्रम केवल स्नातकपूर्व स्तर पर ही लागू होंगे।
- एडीपी में, छात्र एक मानक अवधि के लिए कार्यक्रम हेतु निर्धारित समान पाठ्यक्रम विषयवस्तु और कुल क्रेडिट का पालन करेंगे। केवल कार्यक्रम की अवधि में बदलाव होगा। छात्रों के पास पहले सेमेस्टर या दूसरे सेमेस्टर के अंत में एडीपी का चुनाव करने का विकल्प होगा, उसके बाद नहीं। एडीपी का

  चुनाव करने वाले छात्रों को दूसरे या तीसरे सेमेस्टर से शुरू होने वाले प्रत्येक सेमेस्टर में अतिरिक्त क्रेडिट मिलेंगे, जो इस बात पर निर्भर करेगा कि वे एडीपी में कब जाते हैं। यदि वे पहले सेमेस्टर के बाद एडीपी में शामिल होते हैं, तो उन्हें दूसरे सेमेस्टर और उसके बाद से अतिरिक्त क्रेडिट मिलने प्रारंभ हो जाएंगे। इसी प्रकार, यदि वे दूसरे सेमेस्टर के बाद एडीपी में शामिल होते हैं, तो उन्हें तीसरे सेमेस्टर और उसके बाद से अतिरिक्त क्रेडिट मिलने प्रारंभ हो जाएंगे।
- किसी तीन वर्षीय स्नातकपूर्व कार्यक्रम में, छात्र अधिकतम एक सेमेस्टर तक अवधि को कम कर सकते हैं, उदाहरण के लिए, छात्र तीन वर्षीय स्नातकपूर्व कार्यक्रम के लिए आवश्यक कुल क्रेडिट पांच सेमेस्टर में अर्जित कर सकते हैं। इसी प्रकार, चार वर्षीय स्नातकपूर्व कार्यक्रम में, छात्र अवधि को एक सेमेस्टर अथवा अधिकतम दो सेमेस्टर तक कम कर सकते हैं, उदाहरण के लिए, छात्र चार वर्षीय स्नातकपूर्व कार्यक्रम के लिए अपेक्षित कुल क्रेडिट को छह अथवा सात सेमेस्टर में अर्जित कर सकते हैं। "स्नातकपूर्व कार्यक्रमों के लिए पाठ्यक्रम और क्रेडिट फ्रेमवर्क" में क्रेडिट संरचना के आधार पर समिति यह तय करेगी कि एडीपी में किसी एक सेमेस्टर में एक छात्र को न्यूनतम कितने क्रेडिट अर्जित करने होंगे।

विस्तारित डिग्री कार्यक्रम (ईडीपी) -

- विस्तारित डिग्री कार्यक्रम केवल स्नातकपूर्व कार्यक्रमों पर ही लागू होंगे।
- ईडीपी में, छात्र किसी मानक अवधि के लिए कार्यक्रम हेतु विहित समान पाठ्यक्रम विषयवस्तु और कुल क्रेडिटों का पालन करेंगे। केवल कार्यक्रम की अवधि में बदलाव होगा। छात्रों को केवल प्रथम सेमेस्टर अथवा द्वितीय सेमेस्टर के अंत में ईडीपी का चयन करने का विकल्प होगा, उसके बाद नहीं। तदनुसार, ईडीपी का चयन करने वाले छात्र को प्रत्येक सेमेस्टर में मानक अवधि वाले कार्यक्रम में अपेक्षित क्रेडिटों की तुलना में कम क्रेडिट मिलेंगे।
- किसी तीन वर्षीय अथवा चार वर्षीय स्नातकपूर्व कार्यक्रम में, अवधि को अधिकतम दो सेमेस्टर तक बढ़ाया जा सकता है। तदनुसार, छात्र प्रत्येक सेमेस्टर में कम क्रेडिट अर्जित कर सकते हैं। "स्नातकपूर्व कार्यक्रमों हेतु पाठ्यक्रम और क्रेडिट फ्रेमवर्क" में क्रेडिट संरचना के आधार पर, समिति यह तय करेगी कि ईडीपी में एक सेमेस्टर में एक छात्र को न्यूनतम कितने क्रेडिट अर्जित करने होंगे।

परीक्षा और मूल्यांकन प्रक्रिया -

- परीक्षा और मूल्यांकन प्रणाली, मानक अवधि वाले कार्यक्रम के समान ही रहेगी।

डिग्री प्रदान करना-

- उच्चतर शिक्षा संस्थान, चयन की गई अवधि (कम की गई अथवा विस्तारित अवधि) में कार्यक्रम पूरा करने पर विद्यार्थियों को डिग्री जारी कर सकते हैं और औपचारिक डिग्री प्रदान करने के लिए मानक अवधि को पूर्ण करने की प्रतीक्षा करने की आवश्यकता नहीं होगी।
- त्वरित और विस्तारित डिग्री के लिए, डिग्री में एक स्वत: पूर्ण टिप्पण जोड़ा जाना चाहिए जिसमें यह उल्लेख किया गया हो कि किसी मानक अवधि में आवश्यक शैक्षणिक अपेक्षाओं को, कम की गई अथवा विस्तारित अवधि में पूरा कर लिया गया है। चार वर्षीय स्नातकपूर्व कार्यक्रम के लिए एडीपी हेतु टिप्पण में यह विनिर्दिष्ट किया जाना चाहिए कि छात्र ने चार वर्षीय कार्यक्रम की शैक्षणिक अपेक्षाओं को छह अथवा सात सेमेस्टर, जैसा भी मामला हो, में पूर्ण किया है।

- सरकारी विभागों, निजी संगठनों और भर्ती एजेंसियों जैसे यूपीएससी/ राज्य सेवा आयोग आदि को एडीपी और ईडीपी डिग्रियों को मानक अवधि की डिग्रियों के समकक्ष ही मानना चाहिए।

UNIVERSITY GRANTS COMMISSION

NOTIFICATION

New Delhi, the 26th March, 2025

UGC (Minimum Standards of Instruction for the Grant of Undergraduate Degree and Postgraduate Degree) Regulations, 2025

F. No. 1-3/2021/QIP/Multiple Entry-Exit).—In exercise of the powers conferred by clauses (f) and (g) of sub-section (1) of Section 26 read with clause (j) of section 12 of the University Grants Commission Act, 1956 (3 of 1956) and in supersession of UGC (Minimum Standards of Instruction for the Grant of the First Degree through Formal Education) Regulations, 2003 and UGC (Minimum Standards of Instruction for the Grant of the Master's Degree through Formal Education) Regulations, 2003 and its amendments dated March 2008 and May 2014, the University Grants Commission hereby makes the following Regulations, namely:-

